## खास-खबरें

### पहली बारिश में लाड़कुई में जलभराव, नाले की सफाई नहीं होने से लोगों को परेशानी



**नईदुनिया, प्रतिनिधि, भैरूंदाः** मानसून की पहली बारिश ने लाड़कुई कस्बे में जल निकासी व्यवस्था की तैयारियों की पोल खोल दी। नाले की समय पर सफाई नहीं होने और अतिक्रमण के कारण कई इलाकों में जलभराव हो गया। इससे घरों में पानी घुस गया, मुख्य मार्ग जलमग्न हो गए और लोगों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

स्थानीय लोगों का कहना है कि पिछले वर्ष शिकायतों के बाद प्रशासन ने नाले की सफाई कराई थी, जिससे पूरे बारिश के मौसम में जलभराव की समस्या नहीं हुई थी। इस बार मानसून से पहले सफाई नहीं होने के कारण पहली ही बारिश में हालात बिगड़ गए। जलभराव का असर शिक्षा व्यवस्था पर भी पड़ा। कस्बे में कॉलेज की परीक्षाएं चल रही हैं, लेकिन कई छात्र जलभराव के कारण समय पर परीक्षा केंद्र नहीं पहुंच सके।

### ईश्वरदास रोहाणी की जयंती पर रक्तदान शिविर, रोजगार मेला का आयोजन



**नईदुनिया, प्रतिनिधि, जबलपुरः** पूर्व विधानसभा अध्यक्ष स्वर्गीय ईश्वरदास रोहाणी की 80वीं जयंती पर मंगलवार को विभिन्न सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। विधायक अशोक रोहाणी ने दादा रोहाणी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि वे दादा के बताए मार्ग पर चलते हुए जनसेवा के लिए सदैव समर्पित रहेंगे। पीएम श्री महाकौशल महाविद्यालय में विशाल रक्तदान शिविर और रोजगार मेले का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर में बड़ी संख्या में युवाओं ने रक्तदान किया। मेडिकल कॉलेज, विक्टोरिया अस्पताल और रानी दुर्गावती चिकित्सालय के सहयोग से रक्त संग्रह किया गया। वहीं गोल्डन हार्ट हॉस्पिटल की टीम ने रक्तदाताओं और नागरिकों के स्वास्थ्य की जांच तथा बीपी एवं शुगर परीक्षण किया।

### बारिश में अस्थायी असुविधा के लिए नागरिक सहयोग करें : प्रिंस राठौर



**नईदुनिया, प्रतिनिधि, सीहोरः** नगर पालिका परिषद सीहोर के सभागार में आज नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए शहर में अमृत 2.0 योजना के अंतर्गत संचालित सीवरेज परियोजना की प्रगति एवं वर्षा ऋतु के दौरान आने वाली संभावित समस्याओं की जानकारी दी। नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने कहा कि सीवरेज परियोजना शहर के दीर्घकालीन विकास और स्वच्छता की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस महत्वाकांक्षी परियोजना के पूर्ण होने के बाद शहरवासियों को आधुनिक सीवरेज व्यवस्था का लाभ मिलेगा, जिससे जलभराव, गंदगी और प्रदूषण जैसी समस्याओं में कमी आएगी। उन्होंने बताया कि वर्तमान में विभिन्न क्षेत्रों में पाइपलाइन बिछाने और अन्य निर्माण कार्य तेजी से किए जा रहे हैं। बारिश के मौसम में खुदाई वाले स्थानों पर कीचड़, जलभराव, यातायात में बाधा तथा आवागमन में असुविधा जैसी समस्याएं उत्पन्न होना स्वाभाविक है। नगर पालिका इन परिस्थितियों पर लगातार नजर बनाए हुए है तथा संबंधित एजेंसी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं।

### कलेक्टर ने बीपीएससी में चयन होने पर किया सम्मानित



**नईदुनिया प्रतिनिधि, विदिशाः** कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने विदिशा के गंजबासौदा विकासखंड के ग्राम सींगाखेड़ी की प्रतिभाशाली बेटी सुश्री रानू रघुवंशी का बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) की परीक्षा में चयन होने पर उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

### महर्षि पाणिनि संस्कृत विवि का छठा दीक्षांत समारोह में 1303 विद्यार्थियों को मिली उपाधियां



**नईदुनिया, प्रतिनिधि, उज्जैनः** महर्षि पाणिनि संस्कृत वैदिक विश्वविद्यालय का छठा दीक्षांत समारोह मंगलवार को कालिदास संस्कृत अकादमी स्थित पंडित सूर्यनारायण व्यास संकुल सभागार में आयोजित हुआ। समारोह में राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने मुख्य अतिथि के रूप में विद्यार्थियों को उपाधियां प्रदान कीं और भारतीय ज्ञान परंपरा एवं संस्कारों के संरक्षण पर जोर दिया। राज्यपाल ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति भारतीय संस्कृति और परंपराओं से जुड़ने का अवसर प्रदान करती है। उन्होंने विद्यार्थियों से आधुनिक तकनीक के साथ भारतीय मूल्यों को अपनाने तथा माता-पिता के त्याग और संस्कारों का सम्मान करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि विकसित भारत-2047 के निर्माण में युवा पीढ़ी की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। समारोह में कुल 1303 विद्यार्थियों को उपाधियां प्रदान की गईं, जिनमें 21 विद्यार्थियों को पीएचडी की डिग्री मिली। इसके अलावा विभिन्न संकायों के मेधावी विद्यार्थियों को 16 स्वर्ण, 13 रजत और 13 कांस्य पदक देकर सम्मानित किया गया। उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार ने कहा कि भारत की प्राचीन ज्ञान परंपरा विश्व के लिए मार्गदर्शक है और वर्ष 2047 तक भारत ज्ञान एवं संस्कृति के क्षेत्र में वैश्विक नेतृत्व की भूमिका निभाएगा।

# जल संरक्षण को जनआंदोलन बनाने का आह्वान, अभियान के समापन पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले सम्मानित




**नईदुनिया प्रतिनिधि, रायसेन :** जल गंगा संवर्धन अभियान-2026 का जिला स्तरीय समापन एवं सम्मान समारोह मंगलवार को रायसेन स्थित स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय के ऑडिटोरियम में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिले के प्रभारी मंत्री एवं मछुआ कल्याण तथा मत्स्य विकास विभाग के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नारायण सिंह पंवार, सांची विधायक डॉ. प्रभुराम चौधरी, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सविता सेन तथा कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

समारोह को संबोधित करते हुए प्रभारी मंत्री नारायण सिंह पंवार ने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान का औपचारिक समापन अवश्य हो रहा है, लेकिन जल संरक्षण और संवर्धन का कार्य निरंतर जारी रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि वर्षा की प्रत्येक बूंद को सहेजना समय की आवश्यकता है और इसके लिए समाज के प्रत्येक व्यक्ति की सक्रिय भागीदारी जरूरी है। जल संरक्षण तथा पर्यावरण सुरक्षा केवल सरकारी योजनाओं से संभव नहीं है, बल्कि आमजन की जागरूकता और सहभागिता से ही स्थायी परिणाम प्राप्त किए जा सकते हैं।

उन्होंने कहा कि हवा, मिट्टी और पानी प्रकृति के अनमोल उपहार हैं, लेकिन इनके महत्व को समझने में लापरवाही के कारण पर्यावरण असंतुलन जैसी गंभीर समस्याएं सामने आ रही हैं। अल नीनो जैसी जलवायु परिस्थितियों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि भू-जल स्तर लगातार नीचे जा रहा है और रासायनिक उर्वरकों के अत्यधिक उपयोग से भूमि की उर्वरता भी प्रभावित हो रही है। ऐसे में जल संरक्षण, हरियाली बढ़ाने और प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण को जनआंदोलन बनाना होगा।

प्रभारी मंत्री ने नागरिकों से अपने घरों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम स्थापित करने, जल स्रोतों की नियमित सफाई करने तथा जल का अपव्यय रोकने की अपील की। उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का प्रदेशवासियों के नाम संदेश भी पढ़कर सुनाया और उपस्थित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों, विद्यार्थियों तथा नागरिकों को जल संरक्षण और नशामुक्त भारत के निर्माण का सामूहिक संकल्प दिलाया।

सांची विधायक डॉ. प्रभुराम चौधरी ने कहा कि जिले में 19 मार्च 2026 को सलामतपुर-सुनारी से प्रारंभ हुए जल गंगा संवर्धन अभियान के दौरान अनेक महत्वपूर्ण कार्य किए गए। पुरानी जल संरचनाओं की सफाई और गहरीकरण, अमृत तालाबों का निर्माण, कुओं और सोखपिटों का निर्माण तथा वर्षा जल संरक्षण के लिए कई पहल की गईं। उन्होंने कहा कि आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य के लिए आज से ही जल संरक्षण को जीवन का हिस्सा बनाना होगा।

कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सविता सेन तथा राकेश शर्मा ने भी नागरिकों से पर्यावरण संरक्षण और जल बचाने के लिए जनभागीदारी बढ़ाने का आग्रह किया। इस अवसर पर जल गंगा संवर्धन अभियान, विकसित भारत-2047 के लक्ष्यों तथा नशामुक्त भारत अभियान के अंतर्गत जिले में किए जा रहे विभिन्न कार्यों की जानकारी भी दी गई।

समारोह में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रशस्ति-पत्र एवं शील्ड देकर सम्मानित किया गया। नशामुक्त भारत अभियान के तहत आयोजित प्रतियोगिताओं के विजेता छात्र-छात्राओं को भी सम्मानित किया गया। इसके अलावा खेत तालाब योजना के हितग्राहियों को प्रमाण-पत्र वितरित किए गए।

कार्यक्रम के समापन पर प्रभारी मंत्री नारायण सिंह पंवार, सांची विधायक डॉ. प्रभुराम चौधरी, कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा तथा अन्य जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने महाविद्यालय परिसर में पौधरोपण किया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता, जिला पंचायत सीईओ कमल सोलंकी, जनप्रतिनिधि, विभिन्न विभागों के अधिकारी, जनभागीदारी समिति के सदस्य, छात्र-छात्राएं, युवा और बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे। वक्ताओं ने विश्वास व्यक्त किया कि जनसहभागिता के माध्यम से जल संरक्षण और पर्यावरण संरक्षण के प्रयास भविष्य में भी निरंतर जारी रहेंगे।

### गोवर्धन में 2 जुलाई से सात दिवसीय श्रीराम कथा महोत्सव



**गंजबासौदा।** श्री द्वारिकेश लाल प्रभु के मंगल पाटोत्सव के उपलक्ष्य में ब्रजभूमि गोवर्धन में 2 से 8 जुलाई तक सात दिवसीय श्रीराम कथा महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। कथा का वाचन नगर के नौलखी खालसा श्रीमहंत एवं प्रख्यात कथा व्यास राम मनोहरदास जी महाराज करेंगे।

आयोजक एवं वेद विद्या संस्थान के संस्थापक डॉ. अभिषेक कृष्ण शास्त्री ने बताया कि कथा प्रतिदिन दोपहर 4 बजे से हरिपुरा स्थित वेद विद्या संस्थान परिसर में होगी। कथा के माध्यम से भगवान श्रीराम के आदर्श जीवन, धर्म, भक्ति और मर्यादा से जुड़े प्रसंगों का श्रवण कराया जाएगा।

उन्होंने बताया कि आयोजन के दौरान श्रद्धालुओं को श्री द्वारिकेश लाल प्रभु के विभिन्न मनोरथों एवं दिव्य श्रृंगार दर्शन का भी लाभ मिलेगा। कथा स्थल पंचमुखी हनुमान मंदिर के पीछे, छोटी परिक्रमा मार्ग स्थित वेद विद्या संस्थान में रहेगा। कार्यक्रम के दौरान भजन-कीर्तन, संकीर्तन और विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन भी किया जाएगा। आयोजन को लेकर ब्रज क्षेत्र में उत्साह का माहौल है तथा श्रद्धालुओं के स्वागत के लिए व्यापक तैयारियां की गई हैं।

## सिंहस्थ कार्यों की पड़ताल में आधी रात को सड़क पर उतरे आयुक्त



**नईदुनिया प्रतिनिधि, उज्जैनः** सिंहस्थ 2028 की तैयारी में जुटी नगर निगम की टीम अब 'नाइट शिफ्ट' में जुट गई है। सोमवार देर रात नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा ने अचानक शहर के प्रमुख निर्माण स्थलों पर दबिश दी। रीगल टॉकीज शॉपिंग कॉम्प्लेक्स से लेकर ढाबा रोड और सत्यनारायण मंदिर तक चल रहे निर्माण कार्यों का जब आयुक्त ने औचक निरीक्षण किया, तो कई जगहों पर लेटलतीफी देखकर उनका पारा चढ़ गया। सड़क पर उतरकर उन्होंने सीधे ठेकेदारों और मौके पर मौजूद इंजीनियरों की क्लास लगा दी।

निरीक्षण के दौरान ढाबा रोड से सत्यनारायण मंदिर तक के मार्ग चौड़ीकरण के काम को लेकर आयुक्त खासे सख्त नजर आए। उन्होंने निर्माण में इस्तेमाल हो रहे मटेरियल की क्वालिटी पर सवाल उठाते हुए स्पष्ट कर दिया कि सिंहस्थ के काम में गुणवत्ता से समझौता किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने निर्देश दिए कि सड़क के साथ ही बिजली के खंभों को हटाने, टाटा कंपनी की चैंबर लाइन जोड़ने और नाली निर्माण के कामों को एक साथ तालमेल बिठाकर पूरा किया जाए।

आयुक्त का साफ संदेश था कि काम की जिम्मेदारी केवल ठेकेदार की नहीं, बल्कि संबंधित उपयंत्री और सहायक यंत्री की भी है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सड़क निर्माण पूरा होने के बाद उसमें गुणवत्ता की कमी मिली, तो सीधे संबंधित जिम्मेदार अधिकारियों पर गाज गिरेगी।

### जनसुनवाई में युवक से मारपीट दोनों पक्षों पर मामला दर्ज

**भैरूंदा।** जनपद पंचायत अध्यक्ष मंजू अवध पटेल के गृह ग्राम कुमानताल में मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई के दौरान विवाद हो गया। शिकायत लेकर पहुंचे एक युवक के साथ कथित मारपीट की घटना के बाद बड़ी संख्या में ग्रामीण गोपालपुर थाने पहुंचे और कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, कुमानताल निवासी विजय मीणा गांव के विकास कार्यों और साफ-सफाई से संबंधित शिकायत लेकर जनसुनवाई में पहुंचे थे। इस दौरान वे वीडियो रिकॉर्डिंग कर रहे थे, जिस पर रोजगार सहायक इमारत मीणा ने आपत्ति जताई। विवाद बढ़ने पर दोनों पक्षों के बीच हाथापाई हो गई। विजय मीणा ने आरोप लगाया कि उनके साथ मारपीट की गई और जान से मारने का प्रयास किया गया। वहीं मौके पर मौजूद लोगों ने बीच-बचाव कर मामला शांत कराया। ग्रामीणों का कहना है कि विजय मीणा ने घटना से पहले एसडीओपी को लिखित आवेदन देकर अपनी जान को खतरा होने की आशंका जताई थी। घटना के बाद ग्रामीणों ने इस आवेदन का हवाला देते हुए मामले की निष्पक्ष जांच और आरोपियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की।

## पार्षदों के हिसाब-किताब का दौर शुरू वार्ड 1 की जनता ने किया चक्काजाम



**नईदुनिया प्रतिनिधि, सीहोरः** नगर पालिका चुनाव को अब चार साल पूरे होने वाले हैं। ऐसे में शहर के सभी 35 वार्डों में विकास कार्यों और जनप्रतिनिधियों के वादों को लेकर जनता के बीच हिसाब-किताब का दौर शुरू हो चुका है। इसी कड़ी में बुनियादी सुविधाओं की अनदेखी और नगर पालिका की वादाखिलाफी से नाराज वार्ड क्रमांक 1 के रहवासियों का गुस्सा मंगलवार सुबह फूट पड़ा। सडक़ निर्माण न होने से आक्रोशित नागरिकों ने कोलीपुरा चौराहे पर चक्काजाम कर उग्र प्रदर्शन किया।

बता दें कोलीपुरा चौराहा शहर का व्यस्त क्षेत्र है। मंगलवार सुबह जैसे ही वार्ड 1 के रहवासी सडक़ पर उतरे, वहां चारों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। प्रदर्शन में पुरुष, बुजुर्गों के साथ महिलाएं भी बड़ी संख्या में शामिल हुईं और सडक़ के बीचों-बीच बैठकर नगर पालिका प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस चक्काजाम के कारण दफ्तर जाने वाले लोग, स्कूली बसें और व्यापारिक वाहन जहां के तहां फंस गए और शहर का आवागमन पूरी तरह ठप हो गया।

**कीचड़-गड्ढों में जीने को मजबूरः** स्थानीय निवासियों ने मीडिया कहा कि वे पिछले कई सालों से कीचड़, धूल और गहरे गड्ढों वाली सडक़ का दंश झेल रहे हैं। रहवासियों का सीधा आरोप है कि हर चुनाव में नेता सडक़ बनवाने का बड़ा-बड़ा वादा करते हैं, लेकिन चुनाव जीतते ही जनता को उनके हाल पर छोड़ दिया जाता है। नागरिकों के अनुसार सडक़ इतनी जर्जर है कि बुजुर्ग और स्कूली बच्चे आए दिन गिरकर घायल हो रहे हैं। नगर पालिका से लेकर सीएम हेल्पलाइन तक दर्जनों बार गुहार लगाने के बाद भी जब चार सालों में कोई सुनवाई नहीं हुई तो मजबूरन जनता को सडक़ पर उतरना पड़ा।

**लिखित गारंटी पर अड़े नागरिकः** चक्काजाम की खबर मिलते ही पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने प्रदर्शनकारियों को समझाने और जाम खुलवाने की काफी कोशिश की, लेकिन 4 साल की वादाखिलाफी से नाराज रहवासी अपनी मांग पर अड़े रहे। नाराज लोगों का साफ कहना था कि अब वे केवल मौखिक आश्वासनों के झांसे में नहीं आएंगे। जब तक वरिष्ठ अधिकारी मौके पर आकर सडक़ निर्माण का लिखित आश्वासन और उसकी डेडलाइन तय नहीं करते, तब तक चक्काजाम समाप्त नहीं किया जाएगा।

## जल गंगा संवर्धन अभियान का समापन, मंत्री उदय प्रताप सिंह ने किया पौधरोपण




**नईदुनिया प्रतिनिधि, विदिशाः** मध्यप्रदेश शासन के परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह ने अटल पार्क में आयोजित जल गंगा संवर्धन अभियान के समापन समारोह में सहभागिता की। जिले में इस अभियान के माध्यम से जल संरक्षण, जल स्रोतों के पुनर्जीवन और जनसहभागिता को बढ़ावा देने की दिशा में व्यापक कार्य किए गए हैं। कार्यक्रम में मंत्री श्री सिंह ने मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में पूरे प्रदेश के साथ विदिशा जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान का सफल संचालन हुआ है। इस जनअभियान में जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों, कर्मचारियों तथा आम नागरिकों की सक्रिय सहभागिता रही, जिसके लिए सभी बधाई के पात्र हैं। उन्होंने कहा कि अभियान के माध्यम से प्राचीन जल स्रोतों का जीर्णोद्धार, नए तालाबों का निर्माण तथा जल संरक्षण के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य हुए हैं।

शिक्षा के क्षेत्र में उपलब्धियां - स्कूल शिक्षा विभाग की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए मंत्री श्री सिंह ने कहा कि मध्यप्रदेश आज शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी राज्यों में शामिल है। एक जुलाई से नए शैक्षणिक सत्र के साथ सभी विद्यार्थियों को समय पर पाठ्यपुस्तकें उपलब्ध कराई जाएंगी। शासकीय विद्यालयों में विद्यार्थियों को निःशुल्क पुस्तकें, साइकिल, यूनिफॉर्म सहित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में सांदीपनि विद्यालय, मॉडल स्कूल, एक्सीलेंस स्कूल तथा नवोदय विद्यालयों में निजी विद्यालयों की तर्ज पर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराई जा रही है। साथ ही विद्यार्थियों को आधुनिक शिक्षा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्रदेश में 10 हजार स्मार्ट क्लास प्रारंभ करने की तैयारी भी की जा रही है।

### नालों पर अतिक्रमण हटाने निगम की कार्रवाई

**उज्जैन।** नगर निगम ने शहर में नालों और सार्वजनिक स्थानों पर किए गए अतिक्रमण के खिलाफ मंगलवार को व्यापक अभियान चलाया। निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा के नेतृत्व में भार्गव मार्ग सब्जी मंडी से टंकी चौराहे तक कार्रवाई करते हुए नालों पर बने अवैध चबूतरे और पक्के ओटले जेसीबी की मदद से हटाए गए। अभियान के दौरान अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई से क्षेत्र के दुकानदारों में हड़कंप मच गया। कई दुकानदारों ने स्वयं ही अपना सामान हटाना शुरू कर दिया। आयुक्त ने कहा कि शहर की यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखना और नालों की निकासी बाधित नहीं होने देना निगम की प्राथमिकता है। सार्वजनिक भूमि पर किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कार्रवाई के दौरान सहायक आयुक्त राघवेंद्र सिंह पालिया, जोनल अधिकारी श्याम सुंदर शर्मा और सुनील जैन सहित निगम का अमला मौजूद रहा।

### 11 केवी लाइन की चपेट में आकर किसान गंभीर रूप से घायल, किसानों का प्रदर्शन



**नईदुनिया प्रतिनिधि, सीहोरः** ग्राम पड़ावेली में विद्युत विभाग की कथित लापरवाही से हुए गंभीर हादसे के विरोध में मंगलवार को दर्जनों गांवों के किसान कलेक्ट्रेट पहुंचे और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नाम ज्ञापन सौंपकर पीड़ित किसान को न्याय दिलाने की मांग की।

किसानों ने प्रदर्शन के दौरान विद्युत विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए दोषी अधिकारियों एवं कर्मचारियों पर सख्त कार्रवाई, पीड़ित किसान को उचित मुआवजा, संपूर्ण इलाज का खर्च तथा परिवार के एक सदस्य को शासकीय नौकरी देने की मांग उठाई। प्रदर्शन में शामिल किसानों का कहना था कि 18 जून 2026 को ग्राम पड़ावेली निवासी किसान सतीश मेवाड़ा अपने खेत में ट्रैक्टर से कृषि कार्य कर रहे थे।

इसी दौरान खेत के ऊपर से गुजर रही 11 केवी विद्युत लाइन, जो किसानों के अनुसार जमीन से मात्र लगभग पांच फीट की ऊंचाई पर झूल रही थी, उसकी चपेट में आने से किसान गंभीर रूप से झुलस गए। किसानों का आरोप है कि विद्युत विभाग के खंभे लंबे समय से टेढ़े थे और कई बार शिकायत किए जाने के बावजूद विभाग ने उन्हें ठीक नहीं कराया।

## कलेक्टर की तत्परता से जनसुनवाई में अनेक समस्याओं का हुआ समाधान



**नईदुनिया प्रतिनिधि, विदिशाः** कलेक्टर अंशुल गुप्ता द्वारा जनसुनवाई में नागरिकों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर त्वरित निराकरण किया जा रहा है। उनकी संवेदनशील कार्यशैली के चलते इस बार भी जिले के अनेक आवेदकों की समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया गया। जनसुनवाई में कुल 199 आवेदन प्राप्त हुए जिनमें से 135 आवेदनों का निराकरण हुआ। देवेन्द्र कुशवाहा की पुत्री को तत्काल बालिका छात्रावास, उदयपुर में प्रवेश दिलाया गया। वहीं, हरबाई कुशवाहा के पुत्र की ट्रांसफर सर्टिफिकेट (टीसी) सेंट साईं नाथ स्कूल, विदिशा से तत्काल उपलब्ध कराई गई। जितेंद्र यादव ने शिकायत की कि इन्दिरा इंटरनेशनल स्कूल, गुलाबगंज द्वारा उनके पुत्र से निर्धारित राशि से अधिक बस शुल्क लिया जा रहा है। कलेक्टर ने त्वरित समाधान कराया गया। विदिशा तहसील के ग्राम मूडरा मुहाना निवासी फूल सिंह सिलावट ने पीएम आवास योजना ग्रामीण के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया था। इस आवेदन का भी जाँच के उपरांत मौके पर ही निराकरण कर दिया गया।

**कलेक्टर के हस्तक्षेप से विधवा महिला और बच्चों को मिला न्याय, संपत्ति में मिला अधिकारः** जनसुनवाई में कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने एक पीड़ित विधवा महिला की व्यथा सुनते हुए तत्काल हस्तक्षेप कर उसे न्याय दिलाने की पहल की। कलेक्टर के निर्देश पर संबंधित विभागों ने त्वरित कार्रवाई करते हुए महिला की समस्या का मौके पर ही समाधान कराया।

जनसुनवाई में महिला ने आवेदन प्रस्तुत कर बताया कि वह अपने 7 एवं 9 वर्ष के दो बच्चों के साथ विदिशा ग्रामीण क्षेत्र में निवास करती है। पति के निधन के बाद ससुराल पक्ष ने महिला और उसके बच्चों को घर से अलग कर दिया।